मनरेगा के तहत 150 नर्सरी विकसित करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि किसान केंद्रित पहल के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 150 नर्सरी विकसित करेगी।

प्रमुख बिंदु

- इस निर्णय के अनुरूप ग्रामीण विकास विभाग को 100 दिन में नर्सरी स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है।
- इन नर्सरी में 22.50 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और प्रत्येक नर्सरी में कम-से-कम 15 लाख पौधे होंगे, जिनमें पारंपरिक फसलों के साथ ही अच्छी गुणवत्ता वाले फूल, फल और सब्जियाँ शामिल होंगी।
- प्रत्येक ज़िले में अधिकतम दो नर्सरी स्थापित की जाएंगी। इनमें किसानों को सर्पगंधा, अश्वगंधा, ब्राह्मी, कालमेघ, कौंच, शतावरी, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों की खेती के साथ-साथ अन्य फूलों और फलों की खेती के तरीकों से अवगत कराया जाएगा।
- यह कदम राज्य में हरित आवरण में वृद्धि के साथ पर्यावरण को लाभ पहुँचाएगा और लोगों को वृक्षारोपण के लिये प्रोत्साहित करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-government-to-develop-150-nurseries-under-mnrega